इंटरनेट मानक

Disclosure to Promote the Right To Information

Whereas the Parliament of India has set out to provide a practical regime of right to information for citizens to secure access to information under the control of public authorities, in order to promote transparency and accountability in the working of every public authority, and whereas the attached publication of the Bureau of Indian Standards is of particular interest to the public, particularly disadvantaged communities and those engaged in the pursuit of education and knowledge, the attached public safety standard is made available to promote the timely dissemination of this information in an accurate manner to the public.

"जानने का अधिकार, जीने का अधिकार"
Mazdoor Kisan Shakti Sangathan
"The Right to Information, The Right to Live"

"पुराने को छोड नये के तरफ"
Jawaharlal Nehru
"Step Out From the Old to the New"

IS 1885-14 (1967): Electrotechnical vocabulary, Part 14: Nuclear power plants (Bi-Lingual Edition) [ETD 1: Basic Electrotechnical Standards]

"ज्ञान से एक नये भारत का निर्माण"
Satyanarayan Gangaram Pitroda
"Invent a New India Using Knowledge"

Act Number 22 of 2005
The Indian Parliament
RIGHT TO INFORMATION

Made Available By
Public.Resource.Org

"ज्ञान एक ऐसा खजाना है जो कभी चुराया नहीं जा सकता है"
Bhartṛhari—Nītiśatakam
"Knowledge is such a treasure which cannot be stolen"

BLANK PAGE

BRUTUM FULMEN

IGNORANTIA JURIS NON EXCUSAT

PROTECTED BY COPYRIGHT

आईएस/IS 1885 (भाग/Part 14) : 1967
(पुनर्पुष्ट 2002)
(Reaffirmed 2002)
(**द्विभाषी/Bilingual**)

भारतीय मानक

विद्युत तकनीकी पारिभाषिक शब्दावली

भाग 14 नाभिकीय ऊर्जा संयन्त्र

(पहला पुनर्मुद्रण अक्टूबर 1983)

Indian Standard

ELECTROTECHNICAL VOCABULARY

PART 14 NUCLEAR POWER PLANTS

(First Reprint October 1983)

यूडीसी/UDC 001.4 : 621.311.2 : 621.039

© भा मा ब्यूरो 2011

भारतीय मानक ब्यूरो
मानक भवन, 9 बहादुर शाह ज़फर मार्ग
नई दिल्ली 110002

© BIS 2011

BUREAU OF INDIAN STANDARDS
MANAK BHAVAN, 9 BAHADUR SHAH ZAFAR MARG
NEW DELHI 110002

दिसम्बर/December 2011 **मूल्य वर्ग/Price Group 8**

विद्युत तकनीकी मानक विषय समिति, ईटीडीसी 1

प्राक्कथन

इस भारतीय मानक (भाग 14) के मसौदे को विद्युत तकनीकी मानक विषय समिति द्वारा अन्तिम रूप दिए जाने और विद्युत तकनीकी विभाग परिषद के अनुमोदन के बाद भारतीय मानक संस्था द्वारा 15 मार्च 1967 को ग्रहण किया गया।

इस मानक (भाग 14) में अधिकतर उन परिभाषाओं का अनुसरण किया गया है जो अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग द्वारा अनुशंसित मसौदे में सम्मिलित हैं और डॉक्यूमैंट: 1 (26) (केन्द्रीय कार्यालय) 238 में दी गई हैं, जो इस विषय पर सर्वसम्मत अन्तर्राष्ट्रीय राय को व्यक्त करता है।

विद्युत तकनीकी पारिभाषिक शब्दावली को सम्पूर्ण एक ही भाग में तैयार करना संभव नहीं पाया गया है, अत: इसे अनेक भागों में निकाला जा रहा है, प्रत्येक भाग में एक या अधिक खण्ड हैं। अन्य भागों की सूची अनुबंध क में दी गई है।

इस मानक के निर्धारण के लिए उत्तरदायी समिति का गठन अनुबंध ख में दिया गया है।

Electrotechnical Standards Sectional Committee, ETDC 1

FOREWORD

This Indian Standard (Part 14) was adopted by the Indian Standards Institution on 15 March 1967, after the draft finalized by the Electrotechnical Standards Sectional Committee had been approved by the Electrotechnical Division Council.

This Standard (Part 14) follows, to a large extent, the definitions included in the draft recommendation by the International Electrotechnical Commission as contained in Doc : 1 (26) (Central Office) 238 which represents the consensus of international opinion on the subject.

It has not been found possible to prepare the electrotechnical vocabulary as a complete volume which is, therefore, being issued in several parts each having one or more sections. Other parts are given in Appendix A.

The composition of the committee responsible for the formulation of this standard is given at Appendix B.

भारतीय मानक

विद्युत तकनीकी पारिभाषिक शब्दावली

भाग 14 नाभिकीय ऊर्जा संयन्त्र

Indian Standard

ELECTROTECHNICAL VOCABULARY

PART 14 NUCLEAR POWER PLANTS

1 विषय क्षेत्र

इस मानक (भाग 14) में विद्युत ऊर्जा के उत्पादन हेतु नाभिकीय ऊर्जा संयन्त्र से सम्बन्धित पदों की परिभाषाएं दी गई हैं।

2 नाभिकीय भौतिकी

2.1 सामान्य

2.1.1 *परमाणु* – किसी तत्त्व का सूक्ष्मतम भाग, जिस पर कोई नेट विद्युत आवेश न हो, और जो रासायनिक संयोग क्रियाओं में भाग ले सके।

2.1.2 *आयन* – एक परमाणु, अणु अथवा अणुओं का समूह जिस पर कुछ नेट विद्युत आवेश हो।

2.1.3 *न्यूक्लियस (नाभिक)* – परमाणु का केन्द्रीय भाग जो धन-आवेशित होता है तथा इसमें परमाणु का लगभग समस्त द्रव्यमान स्थित होता है।

2.1.4 *संयुक्त न्यूक्लियस* – किसी नाभिकीय अभिक्रिया में एक नाभिक द्वारा किसी कण का अवशोषण करने से बनने वाले उत्तेजित नाभिक को परिभाषित करने के लिए बोर के सिद्धान्त में प्रयुक्त एक पद।

2.1.5 *द्रव्यमान संख्या* – किसी न्यूक्लाइड में उपस्थित प्रोटोनों व न्यूट्रॉनों की कुल संख्या।

2.1.6 *परमाणु संख्या* – न्यूक्लियस (नाभिक) में उपस्थित प्रोटोनों की संख्या।

2.1.7 *न्यूक्लाइड* – किसी परमाणु की विशिष्ट द्रव्यमान संख्या, परमाणु संख्या और नाभिकीय ऊर्जा अवस्था युक्त जाति विशेष यदि इस अवस्था में उसकी माध्य आयु इतनी पर्याप्त हो कि उसका प्रेक्षण किया जा सके।

2.1.8 *समस्थानिक* – ऐसे न्यूक्लाइड जिनकी परमाणु संख्या एकसमान हो, पर द्रव्यमान संख्याएँ भिन्न-भिन्न हों।

2.1.9 *समस्थानिकीय बाहुल्य* – किसी तत्त्व के नमूने में उपस्थित उस तत्त्व के एक विशिष्ट समस्थानिक के परमाणुओं की संख्या तथा उसके कुल परमाणुओं की संख्या का अनुपात। इसे प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है।

1 SCOPE

This standard (Part 14) covers definitions of terms applicable to nuclear power plants for generation of electric energy.

2 NUCLEAR PHYSICS

2.1 General

2.1.1 *Atom* — The smallest part of an element, with no net electric charge, which can participate in chemical combinations.

2.1.2 *Ion* — An atom, molecule or group of molecules having a net electric charge.

2.1.3 *Nucleus* — The central part of an atom, possessing a positive charge and containing nearly all the mass of the atom.

2.1.4 *Compound Nucleus* — The expression used in Bohr theory to define the excited nucleus formed when a particle is absorbed by a nucleus during a nuclear reaction.

2.1.5 *Mass Number* — Total number of protons and neutrons in a nuclide.

2.1.6 *Atomic Number* — Number of protons contained in the nucleus.

2.1.7 *Nuclide* — A species of atom characterized by its mass number, atomic number, and nuclear energy state, provided that the mean life in that state is long enough to be observable.

2.1.8 *Isotopes* — Nuclides having the same atomic number but different mass numbers.

2.1.9 *Isotopic* — Ratio of the number of atoms of a specified isotope of an element to the total number of atoms of this element in a sample. Expressed in percent.

2.1.10 *बाहुल्य अनुपात* – किसी तत्त्व में उसके दो समस्थानिकीय बाहुल्यताओं का अनुपात।

2.1.11 रेडियो न्यूक्लाइड – एक रेडियोऐक्टिव न्यूक्लाइड।

2.1.12 *रेडियो समस्थानिक* – रेडियोऐक्टिव समस्थानिक।

2.1.13 *जनक; रेडियो ऐक्टिव पूर्वगामी* (*रेडियो न्यूक्लाइड* का) – वह रेडियोऐक्टिव न्यूक्लाइड जो एक अथवा अधिक क्रमिक विघटनों द्वारा रेडियोन्यूक्लाइड उत्पन्न करता है।

2.1.14 *क्षयज पदार्थ/उत्पाद* – किसी रेडियोऐक्टिव न्यूक्लाइड के विघटन से उत्पन्न हुआ न्यूक्लाइड।

2.1.15 *विखण्डनिक खण्ड* – विखण्डन के फलस्वरूप प्राप्त होने वाले न्यूक्लियस, उनमें कोई रेडियोऐक्टिव रूपान्तरण होने से पहले।

2.1.16 *विखण्डनिक उत्पाद* – विखण्डन द्वारा प्राप्त न्यूक्लाइड अथवा इससे प्राप्त न्यूक्लाइडों के सतत् रेडियोऐक्टिव विघटन से प्राप्त न्यूक्लाइड।

2.1.17 *रेडियो तत्त्व* – रेडियोऐक्टिव रासायनिक तत्त्व।

2.1.18 *ऐल्फा, बीटा और/अथवा गामा उत्सर्जक* – ऐसे रेडियोऐक्टिव न्यूक्लाइड जिनका विघटन ऐल्फा, बीटा और/अथवा गामा विकिरणों के उत्सर्जन के साथ होता है।

2.1.19 *सक्रिय निक्षेप* – किसी गैस के रेडियोऐक्टिव क्षय के पश्चात् सतह पर निक्षेपित रेडियोऐक्टिव पदार्थ।

2.1.20 *विकिरण* – पदार्थ के कणों के रूप में अथवा विद्युतचुम्बकीय तरंगों के रूप में ऊर्जा का उत्सर्जन।

2.1.21 *ऐल्फा-कण* – किसी नाभिकीय रूपान्तरण में उत्सर्जित हीलियम-4 नाभिक, विस्तार से, कोई भी हीलियम-4 नाभिक।

2.1.22 *ऐल्फा विकिरण* – रेडियोऐक्टिव परमाणुओं से उत्सर्जित होते ऐल्फा कण।

2.1.23 *एलेक्ट्रॉन* – ऋणात्मक विद्युत आवेश की सूक्ष्मतम ज्ञात मात्रा युक्त एक मूल कण। इसका द्रव्यमान 9.108×10^{-28} ग्राम होता है। इलेक्ट्रॉन पर आवेश $e = 1.6 \times 10^{-20}$ emu.

2.1.24 *बीटा कण* – एक एलेक्ट्रॉन, या तो धानआवेशित ($\beta+$) या धनआवेशित ($\beta-$) जो किसी रेडियोऐक्टिव रूपान्तरण प्रक्रिया में परमाणु के नाभिक (न्यूक्लियस) में से या न्यूट्रॉन में से उत्सर्जित किया गया हो।

2.1.25 *पॉजीट्रॉन* – यह एक एलेक्ट्रॉन के समरूप होता है किन्तु उस पर धनात्मक आवेश होता है।

2.1.26 *बीटा विघटन* – एक न्यूक्लाइड अथवा न्यूट्रॉन का रेडियोऐक्टिव रूपान्तरण जिसमें परमाणु संख्याएं ±1 से परिवर्तित हो जाती है और द्रव्यमान संख्या अपरिवर्तित रहती है। परमाणु संख्या में वृद्धि तब होती है जब ऋणात्मक बीटा कण का उत्सर्जन होता है; धनात्मक बीटा कण (पॉजीट्रॉन) के उत्सर्जन या इलेक्ट्रॉन के प्रग्रहण के कारण परमाणु संख्या कम होती है।

2.1.10 *Abundance Ratio* — Quotient of two isotopic abundance in a given element.

2.1.11 *Radionuclide* — A radioactive nuclide.

2.1.12 *Radioisotope* — Radioactive isotope.

2.1.13 *Parent; Radioactive Precursor* (*of a Radionuclide*) — Radioactive nuclide which produces the radionuclide by one or several successive disintegrations.

2.1.14 *Decay Product* — Nuclide originating from the disintegration of a radioactive nuclide.

2.1.15 *Fission Fragments* — The nuclei resulting from fission before they have undergone radioactive transformations.

2.1.16 *Fission Products* — The nuclides produced either by fission or by the subsequent radioactive disintegration of the nuclides thus formed.

2.1.17 *Radio Element* — Radioactive chemical element.

2.1.18 *Alpha, Beta and/or Gamma Emitter* — Radionuclide disintegrating with emission of alpha, beta and/or gamma radiation.

2.1.19 *Active Deposit* — Radioactive products deposited on a surface following radioactive decay of gas.

2.1.20 *Radiation* — The emotion of energy in the form of particles of matter or in the form of an electromagnetic wave.

2.1.21 *Alpha Particle* — A helium-4 nucleus emitted during a nuclear transformation; by extension, any helium-4 nucleus.

2.1.22 *Alpha-Radiation* — Alpha particles emerging from radioactive atoms.

2.1.23 *Electron* — An elementary particle having the smallest known charge of negative electricity. Its mass is 9.108×10^{-28} gram. The charge of electron $e = 1.6 \times 10^{-20}$ emu.

2.1.24 *Beta Particle* — An electron of either positive charge ($\beta+$), or negative charge ($\beta-$), which has been emitted by an atomic nucleus or neutron in the process of a radioactive transformation.

2.1.25 *Positron* — It is identical to electron but has positive charge.

2.1.26 *Beta Disintegration* — Radioactive transformation of a nuclide or neutron in which the atomic number changes by ±1, and the mass number remains constant. Increase of atomic number occurs with negative beta particle emission, decrease with positive beta particle (positron) emission or upon electron capture.

2.1.27 *बीटा-किरण स्पेक्ट्रम* – बीटा विघटन प्रक्रिया से उत्सर्जित बीटा कणों (जिनमें रूपान्तरक इलेक्ट्रॉन सम्मिलित नहीं हैं) की ऊर्जा अथवा संवेग का वितरण।

2.1.28 *इलेक्ट्रॉन-पॉजीट्रॉन युग्म* – 'युग्म-उत्पादन' नामक प्रक्रिया में एकसाथ बनने वाले इलेक्ट्रॉन और पॉजीट्रॉन।

2.1.29 *फोटॉन* – विद्युत चुम्बकीय विकिरण की मात्रा।

2.1.30 *X- विकिरण* – एक प्रकार के विद्युत-चुम्बकीय विकिरण, जो एक इलेक्ट्रॉन की किसी न्यूक्लियस के कूलॉम क्षेत्र के साथ अन्योन्य क्रिया से या कक्षीय इलेक्ट्रॉनों के स्थानान्तरण से उत्पन्न होते हैं।

2.1.31 *गामा विकिरण* – नाभिकीय संक्रमण या कण शून्यीकरण की प्रक्रिया में उत्सर्जित विद्युत चुम्बकीय विकिरण।

2.1.32 *प्रग्रहण गामा विकिरण* – किसी न्यूक्लाइड द्वारा एक न्यूट्रॉन के प्रग्रहण के तुरन्त पश्चात् उत्सर्जित गामा विकिरण।

2.1.33 *तात्कालिक गामा विकिरण* – विखण्डन प्रक्रिया के साथ तत्काल (बिना कोई प्रेक्षणीय विलम्ब के) गामा विकिरण।

2.1.34 *ब्रेमस्ट्रॉलुंग* – आवेशित कणों के मंदन या त्वरण से सम्बद्ध विद्युत-चुम्बकीय विकिरण।

2.1.35 *प्रकाश इलेक्ट्रॉन* – प्रकाश-विद्युत प्रभाव नामक घटना में कुछ धातुओं द्वारा उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन।

2.1.36 *प्रकाश न्यूट्रॉन* – किसी प्रकाश नाभिकीय अभिक्रिया में उत्सर्जित न्यूट्रॉन।

2.1.37 *न्यूक्लिऑन* – एक प्रोट्रोन या एक न्यूट्रॉन।

2.1.38 *प्रोटोन* – एक मूल कण, जो धन विद्युत आवेश की सूक्ष्मतम मात्रा से आवेशित होता है, और इसका द्रव्यमान लगभग हाइड्रोजन परमाणु के द्रव्यमान जितना होता है। प्रोट्रोन का द्रव्यमान $m_p = 1.072 \times 10^{-24}$ ग्राम = 1.007 59 परमाण्विक द्रव्यमान इकाई (amu)।

2.1.39 *न्यूट्रॉन* – एक मूल कण जिस पर आवेश नहीं होता और इसका द्रव्यमान 1.675×10^{-24} ग्राम या 1.008 98 परमाणिक द्रव्यमान इकाई (amu) होता है।

2.1.40 *न्यूट्रॉन आधिक्य* – नाभिय (न्यूक्लियस) में प्रोट्रोन की संख्या।

2.1.41 *विखण्डन न्यूट्रॉन* – विखण्डन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले न्यूट्रॉन (जिनमें तात्कालिक व विलम्बित दोनों न्यूट्रॉन सम्मिलित हैं) जो अपनी मूल ऊर्जा को बचाए रखते हैं।

नोट – विखण्डन स्पेक्ट्रम के साथ इस पद का प्रतिबन्ध अनिवार्य है (*देखें* **2.2.57**)।

2.1.42 *तात्कालिक न्यूट्रॉन* – केवल वे न्यूट्रॉन जो विखण्डन प्रक्रिया की अवधि में उत्सर्जित होते हैं, और इनमें वे न्यूट्रॉन सम्मिलित नहीं होते जो विखण्डन उत्पादों द्वारा उनके शृंखलाबद्ध क्षय की प्रक्रिया में उत्सर्जित होते हैं।

2.1.27 *Beta-Ray Spectrum* — Distribution, in energy or in momentum, of beta particles (not including conversion electrons) emitted by beta disintegration process.

2.1.28 *Electron-Positron Pair* — Electron and positron simultaneously created, in a process called 'pair production'.

2.1.29 *Photon* — Quantum of electromagnetic radiation.

2.1.30 *X-Radiation* — An electromagnetic radiation produced by interaction of an electron with the coulomb field of a nucleus or by orbital electron transitions.

2.1.31 *Gamma Radiation* — Electromagnetic radiation emitted in the process of nuclear transition or particle annihilation

2.1.32 *Capture Gamma Radiation* — Gamma radiation emitted immediately after the capture of a neutron by a nuclide.

2.1.33 *Prompt Gamma Radiation* — Gamma radiation accompanying the fission process without measurable delay.

2.1.34 *Bremsstrahlung* — The electromagnetic radiation associated with the deceleration or acceleration of charged particles.

2.1.35 *Photoelectron* — Electron emitted by some metals in a phenomenon called photoelectric effect.

2.1.36 *Photoneutron* — Neutron emitted during a photonuclear reaction.

2.1.37 *Nucleon* — A proton or a neutron.

2.1.38 *Proton* — An elementary particle carrying the smallest charge of positive electricity and having a mass near that of the hydrogen atom. The mass of the proton is $m_p = 1.672 \times 10^{-24}$ gram = 1.007 59 atomic mass units.

2.1.39 *Neutron* — An elementary particle with no charge, having a mass of 1.675×10^{-24} gram or 1.008 98 atomic mass units

2.1.40 *Neutron Excess* — Number of neutrons in a nucleus in excess of the number of protons.

2.1.41 *Fission Neutrons* — Neutrons originating in the fission process (including both prompt and delayed neutrons) which have retained their original energy.

NOTE — The restriction of this term to neutrons with fission spectrum is essential (*see* **2.2.57**).

2.1.42 *Prompt Neutrons* — Neutrons emitted only during the process of fission and do not include neutrons emitted by fission products in the process of their chain decay.

2.1.43 *विलम्बित न्यूट्रॉन* – विखण्टन उत्पादों द्वारा उनके शृंखलाबद्ध क्षय होने की प्रक्रिया में उत्सर्जित न्यूट्रॉन।

2.1.44 *तीव्रगामी न्यूट्रॉन* – वे न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा एक निर्दिष्ट मान से अधिक हो। यह मान एक बड़ी परास के मध्य परिवर्तित हो सकता है और अनुप्रयोग पर निर्भर करेगा, जैसे भट्टी (रिएक्टर) भौतिकी, परिरक्षण या डोसीमीट्री। परमाणु भट्टी भौतिकी में प्राय: इसका मान 0.1 MeV चुना जाता है।

2.1.45 *मध्यवर्ती न्यूट्रॉन* – वे न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा तीव्रगामी और मन्दगामी न्यूट्रॉनों की ऊर्जाओं के मध्य होती है। परमाणु भट्टी भौतिकी में इसका परास 1 eV से 0.1 MeV तक हो सकता है।

2.1.46 *अनुनादी न्यूट्रॉन* – मध्यवर्ती ऊर्जा के न्यूट्रॉन जिनकी ऊर्जा eV से KeV क्षेत्र में हो, जिसमें विदल्य और उर्वर पदार्थों का अनुनाद अवस्थित हो।

2.1.47 *एपिकैडमियम न्यूट्रॉन* – न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा कैडमियम कट-ऑफ (संस्तब्ध) ऊर्जा से अधिक हो।

2.1.48 *कैडमियम संस्तब्ध (कट-ऑफ)* – न्यूट्रॉन की ऊर्जा का वह मान जिससे कम होने पर निर्दिष्ट मोटाई की कैडमियम परत में होकर पारगम्यता गुणांक नगण्य माना जा सके।

2.1.49 *प्रभावी कैडमियम संस्तब्ध (कट-ऑफ)* – ऊर्जा का वह मान जो किसी प्रायोगिक संरूपण के लिए इस शर्त पर निर्धारित किया जाता है यदि किसी संसूचक पर लगे कैडमियम आवरण को एक ऐसे काल्पनिक आवरण से प्रतिस्थापित कर दिया जाए जो इससे कम ऊर्जा वाले न्यूट्रॉनों के लिए अपारगम्य हो और इससे अधिक मान की ऊर्जा के लिए पारगम्य हो, तो संसूचक की प्रेक्षित अनुक्रिया अपरिवर्तित ही रहेगी।

2.1.50 *सबकैडमियम न्यूट्रॉन* – ऐसे न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा कैडमियम संस्तब्ध (कट-ऑफ) ऊर्जा से कम हो।

2.1.51 *मन्दगामी न्यूट्रॉन* – वे न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा एक निर्दिष्ट मान से कम हो। यह मान एक बड़ी परास के मध्य परिवर्तित हो सकता है, और अनुप्रयोग पर निर्भर करेगा, यथा परमाणु भट्टी (रिएक्टर) भौतिकी, परिरक्षण या डोसीमीट्री। परमाणु भट्टी (रिएक्टर) भौतिकी में यह मान प्राय: 1 eV चुना जाता है। डोसीमीट्री में कैडमियम संस्तब्ध ऊर्जा प्रयुक्त होती है।

2.1.52 *अल्पतापी न्यूट्रॉन* – वे न्यूट्रॉन जिनकी गतिज ऊर्जा ऊष्मीय प्रक्षोभ से अधिक हो। यह पद प्राय: ऊष्मीय से कुछ ही अधिक ऊर्जाओं तक के लिए सीमित होता है, अर्थात् रासायनिक बन्धों की ऊर्जाओं के समकक्ष ऊर्जाओं के लिए।

2.1.53 *तापीय न्यूट्रॉन* – वे न्यूट्रॉन जो जिस माध्यम में स्थित हैं उसके अणुओं के साथ अवश्य ही ऊष्मीय साम्य अवस्था में हों।

2.2 अन्योन्य क्रियाएं

2.2.1 *क्रम विचलित होना* – किसी क्रिस्टल जालक में किसी

2.1.43 *Delayed Neutrons* — Neutrons emitted by fission products in the process of their chain decay.

2.1.44 *Fast Neutrons* — Neutrons of kinetic energy greater than some specified value. This value may vary a wide range and will be dependent upon the application, such as reactor physics, shielding, or dosimetry. In reactor physics the value is frequently chosen to be 0.1 MeV.

2.1.45 *Resonance Neutrons* — Neutrons of kinetic energy between the energies of slow and fast neutrons. In reactor physics the range might be 1 eV to 0.1 MeV.

2.1.46 *Resonance Neutrons* — Intermediate energy neutrons having energies from eV region to keV region, in which resonance of fissile and fertile materials lie.

2.1.47 *Epicadmium Neutrons* — Neutrons of kinetic energy greater than the cadmium cut-off energy.

2.1.48 *Cadmium Cut-Off* — Neutron energy value below which the transmission factor through a cadmium sheet of specified thickness can be considered negligible.

2.1.49 *Effective Cadmium Cut-Off* — That energy value which, for a given experimental configuration, is determined by the condition that, if a cadmium cover surrounding a detector were replaced by a fictitious cover opaque to neutrons with energy below this value and transparent to neutrons with energy above this value, the observed detector response would be unchanged.

2.1.50 *Subcadmium Neutrons* — Neutrons of kinetic energy less than the cadmium cut-off energy.

2.1.51 *Slow Neutrons* — Neutrons of kinetic energy less than some specified value. This value may vary over a wide range and will depend on the application, such as reactor physics, shielding or dosimetry. In reactor physics the value is frequently chosen to be 1 eV; in dosimetry the cadmium cut-off energy is used.

2.1.52 *Epithermal Neutrons* — Neutrons of kinetic energy greater than that of thermal agitation; the term is often restricted to energies just above thermal, that is, energies comparable with those of chemical bonds.

2.1.53 *Thermal Neutrons* — Neutrons essentially in thermal equilibrium with the molecules of the medium in which they exist.

2.2 Interactions

2.2.1 *Disordering* — Displacement of an atom due to

परमाणु का अपने स्थान से किसी विकिरण के कारण विस्थापन होना।

2.2.2 *विगनर प्रभाव* – परमाणु भट्टी (रिएक्टर) की प्रक्रिया में उच्च ऊर्जा वाले न्यूट्रॉनों या अन्य ऊर्जा युक्त कणों के द्वारा जालक में परमाणुओं के विस्थापन के फलस्वरूप ग्रेफाइट के भौतिक गुणों में परिवर्तन होना।

2.2.3 *आयनीकरण* – अणुओं के विभाजन के कारण, या परमाणुओं, अणुओं में इलेक्ट्रॉनों के जुड़ने या उनमें से पृथक् होने, या अणुओं के बनने से आयनों का बनना।

2.2.4 *सम्पूर्ण आयनीकरण*

क) एक गतिशील कण, जो अपने पथ में अपनी समस्त गतिज ऊर्जा व्यय कर देता है, तो उसके द्वारा उत्पन्न एक ही प्रकार के आयनों का सम्पूर्ण विद्युत आवेश। किसी दी गई गैस के लिए पूर्ण आयनीकरण लगभग उसकी प्रारम्भिक ऊर्जा के समानुपाती होता है, और आयनीकारक कण की प्राकृति से लगभग मुक्त होता है। इसको प्राय: किसी कण की ऊर्जा की माप के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

ख) किसी आवेशित कण के द्वारा इसके प्रक्षेप पथ के अनुदिश उत्पन्न आयन युग्मों की कुल संख्या।

2.2.5 *प्राथमिक आयनीकरण* – एक गणित्र नालिका में आपतित विकिरण द्वारा, गैस के कारण बहुगणित होने से पूर्व, उतपन्न सम्पूर्ण आयनीकरण।

2.2.6 *विशिष्ट आयनीकरण या रेखीय आयनीकरण* (*एक बिन्दु पर*) – किसी दिए गए पदार्थ में किसी विकिरण द्वारा अपने पथ पर प्रति एकांक लम्बाई में उत्पन्न आयन युग्मों की संख्या।

2.2.7 *प्रकाश विद्युत प्रभाव*

क) किसी निकाय में बद्ध इलेक्ट्रॉनों का उन पर आपतित फोटॉन के प्रभाव से उत्सर्जन जिसमें फोटॉन की समस्त ऊर्जा $(h\,v)$ प्रत्येक उत्सर्जित इलेक्ट्रॉन के लिए अवशोषित हो जाती है।

ख) जब एक फोटॉन किसी परमाणु से टकराता है तब परमाणु में से बद्ध इलेक्ट्रॉनका उत्सर्जन होना, जिसमें फोटोन की समस्त ऊर्जा बद्ध इलेक्ट्रॉन में हस्तान्तरित हो जाती है।

ग) वह प्रक्रिया जिसमें एक फोटॉन किसी परमाणु के साथ अन्योन्य क्रिया कर अपनी समस्त ऊर्जा उसमें बद्ध एक इलेक्ट्रॉन को हस्तान्तरित कर देता है, फलस्वरूप वह उत्सर्जित हो जाता है।

2.2.8 *प्रकाश-नाभिकीय अभिक्रिया* – एक फोटॉन और एक नाभिक की अन्योन्य क्रिया के फलस्वरूप होने वाली नाभिकीय अभिक्रिया।

2.2.9 *नाभिकीय विघटन* – न्यूक्लियस का रूपान्तरण, जिसमें यह दो या अधिक नाभिकों (न्यूक्लियस) या कणों में विभाजित हो जाता है, साथ में ऊर्जा उत्सर्जित होती है। यह रूपान्तरण

radiation from the position it occupies in a crystal lattice.

2.2.2 *Wigner Effect* — In reactor operation, the change in physical properties of graphite resulting from displacement of lattice atoms by high-energy neutrons and other energetic particles.

2.2.3 *Ionization* — Ion formation by the division of molecules or by the addition of electrons to or separation of electrons from atoms, molecules or formations of molecules.

2.2.4 *Total Ionization*

a) Total electric charge of ions of the same sign produced by a moving particle which has lost its entire kinetic energy in its path. Total ionization for a given gas is nearly proportional to the initial energy, and nearly independent of the nature of the ionizing particle. It is often used as a measure of the energy of a particle.

b) Total number of ion pairs produced by a charged particle along its trajectory.

2.2.5 *Primary Ionization* — In a counter tube, total ionization produced by the incident radiation prior to multiplication due to the gas.

2.2.6 *Specific Ionization or Linear Ionization* (*at a Point*) — The number of 10_{ion} pairs produced in a given material by any radiation per unit length of its path.

2.2.7 *Photoelectric Effect*

a) Ejection of bound electrons of a system under the influence of incident photons, in which all the energy $(h\,v)$ of a photon is absorbed for every electron ejected.

b) Ejection of a bound electron from an atom when a photon collides with the atom, in which the entire energy is transferred to the bound electron.

c) The process in which a photon interacts with an atom transferring its entire energy to a bound electron which is subsequently ejected.

2.2.8 *Photonuclear Reaction* — Nuclear reaction resulting from the ineraction between a photon and a nucleus.

2.2.9 *Nuclear Disintegration* — Transformation of the nucleus, involving a splitting into two or more nuclei or particles with emission of energy; this

स्वत: प्रवर्तित हो सकता है अथवा किसी न्यूक्लियस या किसी कण द्वारा प्रेरित होकर।

2.2.10 *विघटन स्थिरांक* – किसी रेडियोऐक्टिव परमाणु के एक इकाई समय में स्वत: प्रवर्तित विघटन होने की प्रायिकता।

2.2.11 *विघटन* दर – किसी रेडियोऐक्टिव पदार्थ के प्रति इकाई समय में होने वाले विघटनों की संख्या।

नोट – सक्रियता की संकल्पना एक शुद्ध रेडियोन्यूक्लाइड के लिए परिभाषित की गई है, विघटन दर की संकल्पना रेडियो न्यूक्लाइडों के मिश्रण के लिए प्रयुक्त की जाती है।

2.2.12 *विघटन ऊर्जा* – नाभिकीय विघटन में निर्मुक्त ऊर्जा।

2.2.13 *रेडियोऐक्टिविटी* – कुछ न्यूक्लाइडों का एक गुण जिसके कारण इसमें से कुछ कण या गामा विकिरण स्वत: उत्सर्जित होते हैं, अथवा न्यूक्लाइड के कक्षीय इलेक्ट्रॉनों का प्रग्रहण होता है।

2.2.14 *प्राकृतिक रेडियोऐक्टिविटी* – प्राकृतिक तत्वों की स्वत: प्रवर्तित रेडियो ऐक्टिविटी।

2.2.15 *प्रेरित रेडियोऐक्टिविटी* – न्यूक्लाइडों पर कणों या विकिरणों की बौछार करने से उत्पन्न रेडियो ऐक्टिविटी।

2.2.16 *रेडियोसक्रिय क्षय* – किसी न्यूक्लाइड में से, गामा विकिरण सहित या इसके बिना, कणों का स्वत: प्रवर्तित उत्सर्जन होने अथवा न्यूक्लाइड के एक कक्षीय इलेक्ट्रॉन का प्रग्रहण होने के कारण उसका रूपान्तरण।

2.2.17 *सक्रियण* – रेडियोऐक्टिविटी प्रेरित करने की प्रक्रिया, उदाहरणार्थ, न्यूट्रॉन की बौछार द्वारा।

2.2.18 *सक्रियता (किसी रेडियोसक्रिय न्यूक्लाइड की कुछ मात्रा की* (A) – $\Delta N \div \Delta t$ का भागफल, जहां ΔN इस दी गई संख्या में समय में होने वाले विघटनों की संख्या Δt. $A = \Delta N/\Delta t$, जहाँ Δt अत्यल्प है।

2.2.19 क्यूरी (Ci) – सक्रियता की एक विशेष मात्रक।

$$1\ Ci = 3.7 \times 10^{10} \text{ विघटन प्रति सेकण्ड}$$

2.2.20 *विशिष्ट सक्रियता* – प्रति इकाई द्रव्यमान की नाभिकीय सक्रियता।

2.2.21 *इकाई आयतन सक्रियता* – प्रति इकाई आयतन की नाभिकीय सक्रियता।

2.2.22 *सक्रियता वक्र* – किसी रेडियोऐक्टिव स्रोत की सक्रियता को समय के फलन के रूप में दर्शाने वाला वक्र।

2.2.23 *रेडियोऐक्टिव अर्द्ध-आयु* – किसी एकल रेडियोऐक्टिव क्षय प्रक्रिया के लिए वह माध्य समय जो उस प्रक्रिया द्वारा सक्रियता का मान आधा हो जाने के लिए आवश्यक है।

2.2.24 *चरघातांकी क्षय (किसी राशी का)* – राशि A में नियम के अनुसार परिवर्तन:

$$A = A_0 e^{-\lambda t}$$

transformation can be spontaneous, or induced by a nucleus or a particle.

2.2.10 *Disintegration Constant* — Probability that a radioactive atom will disintegrate spontaneously in unit time.

2.2.11 *Disintegration Rate* — Number of disintegrations per unit time occurring in a radioactive substance.

NOTE — The activity concept having been defined for a pure radionuclide, that of disintegration rate is for use in the case of a mixture of radionuclides.

2.2.12 *Disintegration Energy* — Energy released in a nuclear disintegration.

2.2.13 *Radioactivity* — The property of certain nuclides whereby particles or gamma radiation are spontaneously emitted or whereby orbital electrons of the nuclide are captured.

2.2.14 *Natural Radioactivity* — Spontaneous radioactivity of natural elements.

2.2.15 *Induced Radioactivity* — Radioactivity caused by bombarding nuclides with particles or radiation.

2.2.16 *Radioactive Decay* — Transformation of a nuclide by spontaneous emission of particles with or without the emission of gamma radiation or by capture of an orbital electron of the nuclide.

2.2.17 *Activation* — Process of inducing radioactivity, for example, by neutron bombardment.

2.2.18 *Activity* (*of a Quantity of a Radioactive Nuclide*) (A) — The quotient of $\Delta N \div \Delta t$, where ΔN is the number of nuclear transformations which occur in this quantity in time Δt. $A = \Delta N/\Delta t$, where Δt is very small.

2.2.19 *Curie* (Ci) — The special unit of activity.

$$1\ Ci = 3.7 \times 10^{10} \text{ disintegrations per second}$$

2.2.20 *Specific Activity* — Nuclear activity per unit mass.

2.2.21 *Unit-Volume Activity* — Nuclear activity per unit volume.

2.2.22 *Activity Curve* — Curve representing the activity of a radioactive source as a function of time.

2.2.23 *Radioactive Half-Life* — For a single radioactive decay process the mean time required for the activity to decrease to half its value by that process.

2.2.24 *Exponential Decay* (*of a Quantity*) — Variation of the quantity A in accordance with the law:

$$A = A_0 e^{-\lambda t}$$

जहां

राशि A व A_0 क्रमशः उस समय t व शून्य पर मान हैं। λ एक स्थिरांक है जो A की प्रकृति और उस प्रक्रिया पर निर्भर करता है जिसके कारण क्षय होता है। कभी-कभी इसे 'स्थिरांक' भी कहा जाता है।

2.2.25 *माध्य आयु* – किसी परमाण्विक अथवा नाभिकीय निकाय की एक निर्दिष्ट अवस्था में औसत जीवन काल। किसी चरघातांकी क्षय होने वाले निकाय के लिए परमाणुओं या नाभिकों की एक निर्दिष्ट अवस्था में संख्या को एक गुणक e द्वारा कम होने के लिए आवश्यक औसत समय।

2.2.26 *न्यूट्रॉन का विसरण* – एक घटना, जिसमें किसी माध्यम में न्यूट्रॉनों के उत्तरोत्तर प्रकीर्णन व माध्यम के परमाणुओं या अणुओं से टक्करों की प्रक्रिया द्वारा न्यूट्रॉन एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में अभिगमन को प्रवृत्त होते हैं।

2.2.27 *न्यूट्रॉन फ्लक्स घनत्व के लिए विसरण गुणांक* – किसी विशिष्ट ऊर्जा पर न्यूट्रॉन धारा घनत्व और उसी ऊर्जा पर इस धारा की दिशा में न्यूट्रॉन फ्लक्स घन्त्व की ऋणात्मक प्रवणता का अनुपात।

2.2.28 *बिल्ड-अप गुणक* – किसी माध्यम से होकर विकिरण के प्रवाह में किसी बिन्दु का एक विशिष्ट विकिरण राशि का कुल मान तथा इसमें उस बिन्दु पर बिना कोई टक्कर खाए पहुंचने वाले विकिरणों के योगदान का अनुपात।

2.2.29 *एल्बीडो (न्यूट्रॉन)* – निर्दिष्ट प्रतिबन्धों के अन्तर्गत एक न्यूट्रॉन जो किसी क्षेत्र में एक सतह में होकर प्रवेश करता है, उसी सतह में होकर वापस लौटेगा, इसकी प्रायिकता।

2.2.30 *क्षरण (रिएक्टर सिद्धान्त)* – परमाणु भट्टी के किसी भाग में से उस भाग की सीमाओं के आर-पार निकल जाने से होने वाली न्यूट्रॉनों की नेट क्षति।

2.2.31 *प्रग्रहण* – कोई प्रक्रिया जिसके द्वारा एक परमाण्विक या नाभिकीय निकाय एक अतिरिक्त कण प्राप्त कर लेता है।

2.2.32 *विकिरणकारी प्रग्रहण* – एक ऐसे आपतित कण का प्रग्रहण, जिसके फलस्वरूप γ- किरणों का उत्सर्जन हो।

2.2.33 *अनुनाद स्तर* – एक संयुक्त न्यूक्लियस की ऊर्जा का स्तर जो अनुनाद उत्पन्न कर दे।

2.2.34 *अनुनादी प्रग्रहण* – परिणाम संयुक्त न्यूक्लियस के अनुनाद स्तर पर एक आपतित कण का प्रग्रहण।

2.2.35 *न्यूट्रॉन अवशोषण* – नाभिकीय अन्योन्य क्रिया, जिसमें आपतित न्यूट्रॉन एक मुक्त कण के रूप में अदृश्य हो जाता है, यद्यपि इसके पश्चात् एक या अधिक न्यूट्रॉन अन्य कणों के साथ उत्सर्जित भी होते हैं, उदाहरणार्थ, विखण्डन प्रक्रिया में।

where

A and A_0 are the respective values of the quantity at times t and zero. λ is a constant depending on the nature of A and on the process that causes it to decrease, sometimes referred to as the 'decay constant'.

2.2.25 *Mean Life* — The average lifetime for an atomic or nuclear system in a specified state. For an exponentially decaying system, the average time for the number of atoms or nuclei in a specified state to decrease by a factor of e.

2.2.26 *Neutron Diffusion* — A phenomenon in which neutrons in a medium through process of successive scattering collisions with the atoms or molecules of the medium tend to migrate from one region to another.

2.2.27 *Diffusion Coefficient for Neutron Flux Density* — The ratio of the neutron current density at a particular energy to the negative gradient of the neutron flux density at the same energy in the direction of that current.

2.2.28 *Build-up Factor* — In the passage of radiation through a medium, the ratio of the total value of a specified radiation quantity at any point to the contribution to that value from radiation reaching the point without having undergone a collision.

2.2.29 *Albedo* (*Neutron*) — The probability under specified conditions that a neutron entering into a region through a surface will return through that surface.

2.2.30 *Leakage (Reactor Theory)* — The net loss of neutrons from a region of a reactor by escape across the boundries of the region.

2.2.31 *Capture* — Any process by which an atomic or nuclear system acquires an additional particle.

2.2.32 *Radiative Capture* — Capture of an incident particle resulting in the emission of γ- rays.

2.2.33 *Resonance Level* — Energy level of a compound nucleus, giving rise to resonances.

2.2.34 *Resonance Capture* — Capture of an incident particle at a resonance level of the resultant compound nucleus.

2.2.35 *Neutron Absorption* — Nuclear interaction in which the incident neutron disappears as a free particle even when one or more neutrons are subsequently emitted accompanied by other particles, for example, in fission.

2.2.36 *अनुनादी अवशोषण* – परिणामी संयुक्त न्यूक्लियस की अनुनाद स्तर पर किसी आपतित कण का अवशोषण।

2.2.37 *क्षीणन* – पदार्थ में होकर विकिरण का प्रवाह होने पर पदार्थ के साथ सभी प्रकार की अन्योन्य क्रियाओं के परिणामस्वरूप विकिरण की मात्रा में कमी होना। विकिरण की मात्रा, उदाहरणार्थ, कणों का फ्लक्स घनत्व या ऊर्जा फ्लक्स घनत्व हो सकती हैं। (**2.2.38** भी देखें)।

2.2.38 *ज्यामितीय क्षीणन* – केवल स्रोत और अभीष्ट बिन्दु के बीच दूरी के प्रभाव के कारण विकिरण की मात्रा में कमी, जिसमें किसी उपस्थित पदार्थ की अन्योन्य क्रिया का प्रभाव सम्मिलित नहीं है (उदाहरणार्थ, एक बिन्दु-स्रोत के लिए व्युत्क्रम वर्ग नियम)।

2.2.39 *क्षीणन गुणांक* – किसी पदार्थ की Δx मोटाई की पतली परत में होकर किसी निर्दिष्ट विकिरण की समान्तर किरण-पुंज के प्रवाहित होने पर क्षीणन के कारण पृथक् हुए अंश के लिए पद $\mu\Delta x$ में μ राशि उस पदार्थ का क्षीण गुणांक है। यह उस विकिरण की ऊर्जा का एक फलन है। Δx को लम्बाई, द्रव्यमान प्रति एकांक क्षेत्रफल या मोल प्रति एकांक क्षेत्रफल में व्यक्त किया जाए, तो तद्नुसार ही μ रेखीय, द्रव्यमान या मोलर क्षीणन गुणांक कहलाता है।

2.2.40 क्षीणन गुणक – किसी दिए गए विन्यास में किसी क्षीणकारी काय के लिए वह गुणक जिससे किसी अभीष्ट बिन्दु पर विकिरण की मात्रा उसके स्रोत और अभीष्ट बिन्दु के मध्य काय की अवस्थिति के कारण कम होती है।

2.2.41 *अवशोषण*

क) एक घटना, जिसमें आपतित विकिरणों की एक किरण-पुंज अपनी कुछ अथवा समस्त ऊर्जा को उस पदार्थ को हस्तान्तरिक कर देती है, जिसमें होकर वह प्रवाहित होती है।

नोट – कॉम्पटन प्रभाव को अवशोषण प्रक्रिया का ही एक भाग माना जाता है।

ख) किसी निर्दिष्ट कण के लिए एक परमाण्विक या नाभिकीय अन्योन्य क्रिया, जिसमें आपतित कण एक मुक्तकण के रूप में विलुप्त हो जाता है जबकि उसी प्रकार के अथवा भिन्न प्रकार के एक या अधिक कण परवर्ती उत्सर्जित होते हैं।

नोट – प्रकीर्णन को अवशोषण प्रक्रिया का भाग नहीं माना जाता है।

2.2.42 *चरघातांकी अवशोषण* – किसी पदार्थ में होकर प्रवाहित होने पर कणों या फोटॉनों की किरण-पुंज की विकिरण मात्रा (कण फ्लक्स घनत्व या ऊर्जा फ्लक्स घनत्व) का फलन नियम के अनुसार कम होना:

$$I = I_0 e^{-\mu x}$$

जहाँ

I = किरण पुंज का ऊर्जा फ्लक्स घनत्व,

2.2.36 *Resonance Absorption* — Capture of an incident particle at a resonance level of the resultant compound nucleus.

2.2.37 *Attenuation* — The reduction of a radiation quantity upon passage of radiation through matter resulting from all types of interaction with the matter. The radiation quantity may be, for example, the particle flux density or the energy flux density (*see also* **2.2.38**).

2.2.38 *Geometric Attenuation* — The reduction of a radiation quantity due to the effect only of the distance between the point of interest and the source, excluding the effect of any matter present (for example, the inverse square law for a point source).

2.2.39 *Attenuation Coefficient* — Of a substance, for a parallel beam of specified radiation, is the quantity μ in the expression $\mu\Delta x$ for the fraction removed by attenuation, in passing through a thin layer of thickness Δx of that substance. It is a function of the energy of the radiation. According as Δx is expressed in terms of length, mass per unit area, or moles per unit area, μ is called the linear, mass or molar attenuation coefficient.

2.2.40 *Attenuation Factor* — For a given attenuating body in a given configuration, the factor by which a radiation quantity at some point of interest is reduced owing to the interposition of the body between the source of radiation and the point of interest.

2.2.41 *Absorption*

a) A phenomenon in which a beam of incident radiation transfers to the matter which it traverses some or all of its energy.

NOTE — The Compton effect is considered to be part of the absorption process.

b) For a specified particle, an atomic or nuclear interaction in which the incident particle disappears as a free particle even when one or more of the same or different particles are subsequently emitted.

NOTE — Scattering is not considered to be part of the absorption process.

2.2.42 *Exponential Absorption* — Decrease in radiation quantity (particle flux densities or energy flux density) of a beam of particles or photons during its passage through matter in accordance with the function:

$$I = I_0 e^{-\mu x}$$

where

I = the energy flux density of the beam,

x = पार की गई पदार्थ की मात्रा का माप,
I_0 = प्रारम्भिक ऊर्जा फ्लक्स घनत्व, और
μ = यथोचित अवशोषण गणांक।

2.2.43 *अवशोषण गुणांक* – किसी पदार्थ की Δx मोटाई की पतली परत में होकर किसी निर्दिष्ट विकिरण की समान्तर किरण पुंज के प्रवाहित होने पर अवशोषित हुए अंश के लिए पद $\mu_{abs}\Delta x$ में राशि μ_{abs} उस पदार्थ का अवशोषण गुणांक कहलाता है। यह उस विकिरण की ऊर्जा का एक फलन होता है। Δx को लम्बाई, द्रव्यमान प्रति एकांक क्षेत्रफल या मोल प्रति एकांक क्षेत्र में व्यक्त किया जाता है, तद्नुसार ही μ_{abs} रेखीय, द्रव्यमान या मोलर अवशोषण गुणांक कहलाता है।

नोट – यह क्षीणन गुणांक का वह भाग होता है जो केवल अवशोषण के परिणामस्वरूप होता है।

2.2.44 *प्रकीर्णन* – एक प्रक्रिया, जिसमें किसी कण अथवा कणों के निकाय से टकराने के कारण आपतित कण की दिशा या ऊर्जा मे परिवर्तन हो जाता है।

2.2.45 *कला सम्बद्ध प्रकीर्णन* – एक प्रक्रिया जिसमें विकिरण का प्रकीर्णन इस प्रकार से होता है कि प्रकीर्णित और आपतित तरंगों के मध्य एक निश्चित कला सम्बन्ध होता है।

2.2.46 *कला असम्बद्ध प्रकीर्णन* – एक प्रक्रिया जिसमें विकिरण का प्रकीर्णन इस प्रकार से होता है कि प्रकीर्णित और आपतित तरंगों के मध्य एक निश्चित कला सम्बन्ध होता है।

2.2.47 *प्रत्यास्थ प्रकीर्णन* – एक प्रकीर्णन क्रिया जिसमें प्रकीर्णित कण की ऊर्जा द्रव्यमान-केन्द्र निकाय में अपरिवर्तित रहती है।

2.2.48 *अप्रत्यास्थ प्रकीर्णन* – एक प्रकीर्णन क्रिया जिसमें प्रकीर्णित कण की ऊर्जा द्रव्यमान केन्द्र निकाय में परिवर्तित हो जाती। यह प्रक्रिया निम्नांकित किसी एक प्रकार से हो सकती है:

क) *विकिरणात्मक अप्रत्यास्थ प्रकीर्णन में* – द्रव्यमान केन्द्र निकाय में आपतित कण की गतिज ऊर्जा का कुछ भाग लक्ष्य नाभिक को उत्तेजित करने और उसके पश्चात् एक या अधिक फोटॉनों के उत्सर्जन द्वारा अन-उत्तेजित करने में प्रयुक्त हो जाता है।

ख) *ऊष्मीय अप्रत्यास्थ प्रकीर्णन में* – ऊर्जा का आदान-प्रदान एक मन्दगामी न्यूट्रॉन या किसी अन्य कण और अणुओं या जालकों के मध्य होता है जिसके परिणामस्वरूप उनका नाभिक बाह्य उत्तेजन होता है।

2.2.49 *मंदन* – वह प्रक्रिया जिसमें न्यूट्रॉन की ऊर्जा को प्रकीर्णन टक्करों द्वारा कम किया जाता है।

2.2.50 *नाभिकीय संलयन अभिक्रिया* – दो हल्के नाभिकों के मध्य अभिक्रिया जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक ऊर्जा के साथ-साथ कम-से-कम एक नाभिकीय किस्म किसी भी प्रारम्भिक नाभिक से भारी, उत्पन्न होती है।

2.2.51 *द्रव्यमान क्षति* – न्यूक्लियस की रचना करने वाले न्यूक्लिऑनों के द्रव्यमानों के योग और न्यूक्लियस के द्रव्यमान का अन्तर।

x = measure of the amount of matter traversed,
I_0 = initial energy flux density, and
μ = appropriate absorption coefficient.

2.2.43 *Absorption Coefficient* — Of a substance, for a parallel beam of specified radiation, the quantity μ_{abs} in the expression $\mu_{abs}\ \Delta x$ for the fraction absorbed in passing through a thin layer of thickness Δx of that substance. It is function of the energy of the radiation. According as Δx is expressed in terms of length, mass per unit area, or moles per unit area, μ_{abs} is called the linear, mass or molar absorption coefficient.

NOTE — It is that part of the attenuation coefficient resulting from absorption processes only.

2.2.44 *Scattering* — A process in which a change in direction or energy of an incident particle is caused by a collision with a particle or a system of particles.

2.2.45 *Coherent Scattering* — A process in which radiation is scattered in such a manner that a definite phase relation exists between the scattered and incident waves.

2.2.46 *Incoherent Scattering* — A process in which radiation is scattered in such a manner that no definite phase relation exists between the scattered and incident waves.

2.2.47 *Elastic Scattering* —A scattering process in which the energy of a scattered particle is unchanged in the centre-of-mass system.

2.2.48 *Inelastic Scattering* —A scattering process in which the energy of a scattered particle is changed in the centre-of-mass system. This process can occur in either of the following ways:

a) *In radiactive inelastic scattering* — some of the kinetic energy of an incident particle in the centre-of-mass system goes into excitation of the target nucleus, follwed by subsequent de-excitation through the emission of one or more photons.

b) *In thermal inelastic scattering* — Energy is exchanged between a slow neutron or any other particle and molecules or lattices resulting in their extranuclear excitation.

2.2.49 *Moderation* — The process by which neutron energy is reduced through scattering collisions.

2.2.50 *Nuclear Fusion Reaction* — A reaction between two light nuclei resulting in the production of at least one nuclear species heavier than either initial nucleus, together with excess energy.

2.2.51 *Mass Defect* — Difference between the sum of the masses of the nucleons forming the nucleus and the mass of the nucleus.

नोट – मूलत: इस पद से तात्पर्य परमाणु के भौतिक द्रव्यमान और द्रव्यमान संख्या में अन्तर से था।

2.2.52 *बन्धन ऊर्जा*

क) *किसी निकाय में एक कण के लिए* – इस कण को निकाय में से निकालने के लिए आवश्यक नेट ऊर्जा।

ख) *किसी निकाय के लिए* – निकाय को उसके अवयवी कणों में अपघटित करने के लिए आवश्यक नेट ऊर्जा।

2.2.53 *उर्वर* – एक न्यूक्लाइड का, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यूट्रॉन प्रग्रहण द्वारा विदल्य न्यूक्लाइड में रूपान्तरित हो सकता है। किसी पदार्थ का, जिसमें एक या अधिक उर्वर न्यूक्लाइड उपस्थित हों।

2.2.54 *विखण्डनीय* – एक न्यूक्लाइड जिसका किसी विधि से विखण्डन किया जा सके। अधिकतर न्यूट्रॉन प्रग्रहण विधि द्वारा विखण्डन किया जाता है।

2.2.55 *नाभिकीय विखण्डन* – एक भारी न्यूक्लियस का दो (या कभी-कभी अधिक) लगभग समान द्रव्यमान वाले भागों में विभाजित होना। प्राय: इसके साथ न्यूट्रॉन, गामा किरणें व कभी-कभी सूक्ष्म आवेशित नाभिकीय खण्ड भी उत्सर्जित होते हैं।

2.2.56 *न्यूट्रॉन गुणन* – वह प्रक्रिया जिससे किसी विखण्डनीय पदार्थ युक्त माध्यम में जब एक न्यूट्रॉन का प्रग्रहण होता है तो यह विखण्डन द्वारा औसतन एक से अधिक न्यूट्रॉन उत्पन्न करता है।

2.2.57 *विखण्डन स्पेक्ट्रम* – विखण्डनकारी न्यूट्रॉनों का ऊर्जा वितरण।

2.2.58 *विखण्डन लब्धि* – प्रत्यक्ष रूप से या अन्य प्राथमिक विखण्डन उत्पादों के विघटन से, एक दिए गए न्यूक्लाइड के बनने के लिए विखण्डनों की संख्या और विखण्डनों की कुल संख्या का अनुपात। इसे प्रतिशत में व्यक्त किया जा सकता है।

2.2.59 *प्राथमिक विखण्डन लब्धि, प्रत्यक्ष विखण्डन लब्धि या स्वतन्त्र विखण्डन लब्धि* – विखण्डन द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किसी न्यूक्लाइड के नाभिकों की संख्या और नाभिकों की कुल संख्या का अनुपात।

2.2.60 *संचयी विखण्डन लब्धि* – विखण्डन में एक निर्दिष्ट समय तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उत्पन्न किसी दिए गए न्यूक्लाइड के नाभिकों की संख्या और इनकी कुल संख्या का अनुपात। यदि कोई निर्दिष्ट नहीं हो तो लब्धि का मान उपगामी माना जाता है।

2.2.61 *शृंखला विखण्डन लब्धि* – किसी विशिष्ट द्रव्यमान संख्या के लिए उस द्रव्यमान संख्या के सभी समभारिकों की स्वतन्त्र विखण्डन लब्धियों का योग।

2.2.62 *तीव्र विखण्डन* – तीव्रगामी न्यूट्रॉनों द्वारा किया गया विखण्डन।

2.2.63 *तात्कालिक न्यूट्रॉन प्रभाज* – प्रति विखण्डन तात्कालिक न्यूट्रॉनों की औसम संख्या और प्रति विखण्डन न्यूट्रॉनों (तात्कालिक + विलम्बित) की कुल औसत संख्या का अनुपात।

NOTE — Originally this expression meant the difference between the physical atomic mass and the mass number.

2.2.52 *Binding energy*

a) *For a particle in the system* — The net energy required to remove it from the system.

b) *For a system* — The net energy required to decompose it into its constituent particles.

2.2.53 *Fertile* — Of a nuclide, capable of being transformed, directly or indirectly, into a fissile nuclide by neutron capture. Of a material, containing one or more fertile nuclides.

2.2.54 *Fissionable* — Of a nuclide, capable of undergoing fission by any process. Neutron capture is the most frequent cause of fission.

2.2.55 *Nuclear Fission* — The division of a heavy nucleus into two (or sometimes more) parts with masses of equal order of magnitude; usually accompanied by the emission of neutrons, gamma rays, and, sometimes small charged nuclear fragments.

2.2.56 *Neutron Multiplication* — The process in which a neutron when it is captured produces on the average through fission more than one neutron in a medium containing fissionable material.

2.2.57 *Fission Spectrum* — Energy distribution of fission neutrons.

2.2.58 *Fission Yield* — Ratio of the number of fissions leading to a given nuclide, in a direct manner or by disintegration of other primary fission products, to the total cumber of fissions. It may be expressed in percent.

2.2.59 *Primary Fission Yield, Direct Fission Yield or Independent Fission Yield* — Ratio of number of nuclei of a given nuclide directly produced in fission to the total.

2.2.60 *Cumulative Fission Yield* — The ratio of number of nuclei of a given nuclide, either directly or indirectly produced in fission up to a specified time, to the total. If no time is specified, the yield is considered to be the asymptotic value.

2.2.61 *Chain Fission Yield* — For a particular mass number is the sum of the independent fission yields for all isobars of that mass number.

2.2.62 *Fast Fission* — Fission caused by fast neutrons.

2.2.63 *Prompt Neutron Fraction* — The ratio of the mean number of prompt neutrons per fission to the mean total number of neutrons (prompt plus delayed) per fission.

2.2.64 *विलम्बि न्यूट्रॉन प्रभाज* – प्रति विखण्डन विलम्बित न्यूट्रॉनों की औसत संख्या और प्रति विखण्डन न्यूट्रॉनों (तात्कालिक + विलम्बित)की कुल औसत संख्या का अनुपात।

2.2.65 *प्रभावी विलम्बित न्यूट्रॉन प्रभाज* – विलम्बित न्यूट्रॉन द्वारा विखण्डनों की औसत संख्या और विलम्बित व तात्कालिक सभी न्यूट्रॉनों द्वारा कुल विखण्डनों की औसत संख्या का अनुपात।

टिप्पणी – प्रभावी विलम्भित न्यूट्रॉन प्रभाज प्रायः वास्तविक विलम्बित न्यूट्रॉन प्रभाव से बड़ा होता है।

2.2.66 *विदल्य* – किसी न्यूक्लाइड का, जिसका ऊष्मीय न्यूट्रॉनों की अन्योन्य क्रिया द्वारा विखण्डन किया जा सके।

2.2.67 *उष्मीय विखण्डन* – तापीय न्यूट्रॉनों किया गया विखण्डन।

2.3 अनुप्रस्थ काट (परिक्षेत्र)

2.3.1 *अनुप्रस्थ काट या सूक्ष्म अनुप्रस्थ काट परिक्षेत्र* – एक आपतित विकिरण और लक्षित कण अथवा कणों के निकाय के मध्य किसी निर्दिष्ट अन्योन्य क्रिया के होने की प्रायिकता का एक माप। यह किसी निर्दिष्ट प्रक्रिया के लिए लक्षित प्रति कण अभिक्रिया की दर को आपतित विकिरण के फ्लक्स घन्त्व से भाग देने पर प्राप्त होती है।

नोट – जब अन्यथा उल्लेख नहीं किया गया हो, तो पद अनुप्रस्थ काट परिक्षेत्र का तात्पर्य सूक्ष्म अनुप्रस्थ काट परिक्षेत्र ही होगा।

2.3.2 *बार्न* – नाभिकीय अनुप्रस्थ काट परिक्षेत्र को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त क्षेत्रफल की एक मात्रक (1 बार्न = 10^{-24} सेमी.^{2})।

2.3.3 *स्थूल परिक्षेत्र* – परमाणु भट्टी भौतिकी में यह पद लक्षित कणों के एक निर्दिष्ट समूह के लिए प्रयुक्त किया जाता है। यह लक्षित पदार्थ के प्रति एकांक आयतन में होने वाली एक प्रकार की अन्योन्य क्रिया से सम्बन्धित परिक्षेत्रों (अनुप्रस्थ काटों) का योग होता है।

2.3.4 *सक्रियण प्रायिकता क्षेत्र* – एक निर्दिष्ट अन्योन्य क्रिया द्वारा रेडियोन्यूक्लाइड बनने के लिए उपलब्ध अनुप्रस्थ काट (परिक्षेत्र)।

2.3.5 *विभेदी परिक्षेत्र* (*अनुप्रस्थ काट*) – एक अन्योन्य क्रिया के लिए, जिसमें निर्दिष्ट दिशा या ऊर्जा के एक या अधिक निष्कासित कण लिप्त हों, घन कोण या ऊर्जा के प्रति एकांक अन्तराल में परिक्षेत्र (अनुप्रस्थ काट)।

2.3.6 *डॉप्लर–औसत अनुप्रस्थ काट* (*परिक्षेत्र*) – लक्षित कणों की तापीय गति के प्रभाव को सम्मिलित करते हुए, समुचित भार प्रदान करने वाले कारकों का प्रयोग कर ऊर्जा के अनुसार प्राप्त औसत परिक्षेत्र; इस प्रकार प्राप्त औसत परिक्षेत्र और प्रयोगशाला के निकाय में फ्लक्स घन्त्व का गुणनफल अभिक्रिया वेग का सही मान होता है।

2.3.7 *तापीय परिक्षेत्र* (*अनुप्रस्थ काट*) – तापीय न्यूट्रॉनों द्वारा अन्योन्य क्रिया के लिए अनुप्रस्थ काट परिक्षेत्र।

नोट – चूंकि तापीय न्यूट्रॉनों की ऊर्जा का वितरण भिन्न–भिन्न परिस्थितियों मं जैसे विभिन्न तापक्रमों पर, भिन्न–भिन्न होता है, अतः

2.2.64 *Delayed Neutron Fraction* — The ratio of the mean number of delayed neutrons per fission to the mean total number of neutrons (prompt plus delayed) per fission.

2.2.65 *Effective Delayed Neutron Fraction* — The ratio of the mean number of fission caused by delayed neutrons to the mean total number of fissions caused by delayed plus prompt neutrons.

NOTE — The effective delayed neutron fraction is generally larger than the actual delayed neutron fraction.

2.2.66 *Fissile* — Of a nuclide, capable of undergoing fission by interaction with thermal neutrons.

2.2.67 *Thermal Fission* — Fission caused by thermal neutrons.

2.3 Cross-Sections

2.3.1 *Cross-Section or Microscopic Cross-Section* — A measure of the probability of a specified interaction between an incident radiation and a target particle or system of particles. It is the reaction rate per target particle for a specified process divided by the flux density of the incident radiation (microscopic cross-section).

NOTE — Unless otherwise qualified the term 'Cross-Section' shall mean 'Microscopic Cross-Section'.

2.3.2 *Barn* — A unit of area used in expressing a nuclear cross-section (1 barn = 10^{-24} cm^2).

2.3.3 *Macroscopic Cross-Sections* — In reactor physics the term is applied to a specified group of target particles and implies sum of the cross-sections related to a certain type of interaction per unit volume of the target matter.

2.3.4 *Activation Cross-Section* — The cross-section for the formation of a radionuclide by a specified interaction.

2.3.5 *Differential Cross-Section* — The cross-section for an interaction process involving one or more outgoing particles with specified direction or energy per unit interval of solid angle or energy.

2.3.6 *Doppler-Averaged Cross-Section* — A cross-section averaged over energy, employing appropriate weighting factors, to take into account the effect of thermal motion of the target particles such that the product of the average cross-section so obtained and the flux density in the laboratory system gives the correct reaction rate.

2.3.7 *Thermal Cross-Section* — The cross-section for interaction by thermal neutrons.

NOTE — Since thermal neutrons have different energy distributions in different situations (for example, at different

यह एक परिशुद्ध पद नहीं है, और इसी कारण से सामान्यत: 2 200 m/s न्यूट्रॉनों के लिए परिक्षेत्रों का उल्लेख किया जाता है।

2.3.8 *प्रभावी तापीय परिक्षेत्र या वैस्टकॉट परिक्षेत्र* – किसी अन्योन्य क्रिया के लिए एक कल्पित परिक्षेत्र, जिसको रूढ़ फ्लक्स घनत्व से गुणा करने पर अभिक्रिया की सही दर प्राप्त होती है।

नोट – इस पद उपयोग प्राय: पूर्णत: मंदित निकाय में विखण्डन या प्रग्रहण तक के लिए सीमित होता है।

2.3.9 *प्रकीर्णन परिक्षेत्र* – प्रकीर्णन क्रिया के लिए परिक्षेत्र।

